# कार्यालय जिलाधिकारी ललितपुर

## जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनपद ललितपुर में दिनांक–30.08.2025 को जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।

दिनांक–30.08.2025 को जिलाधिकारी महोदय के निर्देशों के क्रम में अधोहस्ताक्षरी द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत क्रियान्वित 15 ग्राम समूह पेयजल योजनाओं एवं जल निगम की रेट्रोफिटिंग योजनाओं की प्रगति, विद्युत कनेक्शन एवं विद्युत आपूर्ति के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में समीक्षा बैठक की गयी जिसमें निम्नलिखित अधिकारी उपस्थित रहे–

1. अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), ललितपुर।
2. श्री विशाल सिंह, अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड (प्रथम एवं द्वितीय), ललितपुर।
3. श्री अवनीश मिश्र सहायक अभियंता एवं अश्विन कुमार अवर अभियन्ता जल निगम (नगरीय), झांसी/ललितपुर।
4. श्री हरीशचन्द्र प्रसाद, प्रतिनिधि वन निगम, झांसी।
5. श्री शंभू दयाल पुरोहित, प्रतिनिधि वन निगम, ललितपुर।
6. श्री धीरज कुमार, ऐ0ई0 (वि0/यां0), ललितपुर।
7. श्री धीरेन्द्र कुमार, जे0ई0 (वि0/यां0), जल निगम (ग्रामीण), झांसी।
8. श्री आर0 सी0 गुप्ता, टीम लीडर थीम पी0एम0सी0 ललितपुर।
9. श्री आशुतोष श्रीवास्तव, डी0पी0एम0 टी0पी0आई0 ललितपुर।
10. श्री आकाश सिंह गौर, पी0एम0, मेसर्स सुधाकरा ललितपुर।
11. श्री पल्लव कुमार, श्री गगनदीप एवं घनश्याम सिंह, सहायक प्रबंधक जे0एम0सी0 ललितपुर।
12. श्री सुभाष विशनाई, धन सिंह एवं वनफूल प्रतिनिधि, दारा इंजीनियरिंग ललितपुर।
13. श्री राहुल साहू अवर अभियंता जल संस्थान ललितपुर।

योजनावार कार्यदायी संस्थाओं द्वारा प्रस्तुत किये गये कार्य योजना का अवलोकन किया गया। मेसर्स सुधाकरा की लागौन ग्राम समूह पेयजल योजना के कुल समस्याग्रस्त 7 ग्रामों में से 5 ग्रामों का कार्य समीक्षा बैठक की दिनांक तक पूर्ण कर लिया गया है शेष 2 ग्राम कार्यदायी संस्था द्वारा दिनांक 06.10.2025 तक पूर्ण करना सूचित किया गया है।

जाखलौन ग्राम समूह पेयजल योजना के कुल समस्याग्रस्त 12 ग्रामों में से 9 ग्रामों का कार्य पूर्ण कर लिया गया है शेष 3 ग्राम कार्यदायी संस्था द्वारा दिनांक 26.09.2025 तक पूर्ण करना सूचित किया गया है। मेसर्स सुधाकरा के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर उपरोक्त तिथि तक कार्य पूर्ण करें।

मेसर्स दारा इंजीनियरिंग की सोजना गुढ़ा ग्राम समूह पेयजल योजना के कुल समस्याग्रस्त 20 ग्रामों में से 3 ग्रामों का कार्य समीक्षा बैठक की दिनांक तक पूर्ण कर लिया गया है शेष 17 ग्राम कार्यदायी संस्था द्वारा दिनांक 30.09.2025 तक पूर्ण करना सूचित किया गया है।

सुकुलगुवां ग्राम समूह पेयजल योजना के कुल समस्याग्रस्त 5 ग्रामों में से 4 ग्रामों का कार्य पूर्ण कर लिया गया है शेष 1 ग्राम कार्यदायी संस्था द्वारा दिनांक 12.09.2025 तक पूर्ण करना सूचित किया गया है।

मड़ावरा ग्राम समूह पेयजल योजना के कुल समस्याग्रस्त 11 ग्रामों में से 8 ग्रामों का कार्य पूर्ण कर लिया गया है शेष 3 ग्राम कार्यदायी संस्था द्वारा दिनांक 31.08.2025 तक पूर्ण करना सूचित किया गया है।

बिल्ला मोगान ग्राम समूह पेयजल योजना के कुल समस्याग्रस्त 7 ग्रामों में से किसी भी ग्राम का कार्य पूर्ण नहीं किया गया है एवं सभी 7 ग्राम कार्यदायी संस्था द्वारा दिनांक 31.10.2025 तक पूर्ण करना सूचित किया गया है।

बदनपुर ग्राम समूह पेयजल योजना के कुल समस्याग्रस्त 9 ग्रामों में से 3 ग्रामों का कार्य पूर्ण कर लिया गया है शेष 6 ग्राम कार्यदायी संस्था द्वारा दिनांक 31.08.2025 तक पूर्ण करना सूचित किया गया है। मेसर्स दारा इंजीनियरिंग के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर उपरोक्त तिथि तक कार्य पूर्ण करें।

मेसर्स जे0एम0सी0 की सैदपुर कुम्हैड़ी ग्राम समूह पेयजल योजना के कुल समस्याग्रस्त 20 ग्रामों में से 9 ग्रामों का कार्य समीक्षा बैठक की दिनांक तक पूर्ण कर लिया गया है शेष 11 ग्राम कार्यदायी संस्था द्वारा दिनांक 12.09.2025 तक पूर्ण करना सूचित किया गया है। अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) ने अवगत कराया कि पी0डब्लू0डी0 द्वारा क्षतिग्रस्त पाइप लाइनों का भुगतान करने के पश्चात कार्यदायी संस्था द्वारा पाइप की आपूर्ति कर दी गयी है। कार्यदायी संस्था मेसर्स जे0एम0सी0 के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि पाइप बिछाने के लिए एलाइनमेंट पी0डब्लू0डी0 द्वारा दिया जाना है। इस सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि अधिशासी अभियंता पी0डब्लू0डी0 से समन्वय स्थापित कर पाइप लाइन का एलाइनमेंट फाइनल करें।

गौना ग्राम समूह पेयजल योजना के कुल समस्याग्रस्त 16 ग्रामों में से 8 ग्रामों का कार्य पूर्ण कर लिया गया है शेष 8 ग्राम कार्यदायी संस्था द्वारा दिनांक 15.09.2025 तक पूर्ण करना सूचित किया गया है।

Scanned with OKEN Scanner

मसौरा ग्राम समूह पेयजल योजना के कुल समस्याग्रस्त 20 ग्रामों में से 16 ग्रामों का कार्य पूर्ण कर लिया गया है शेष 4 ग्राम कार्यदायी संस्था द्वारा दिनांक 15.09.2025 तक पूर्ण करना सूचित किया गया है। मेसर्स जे0एम0सी0 के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर उपरोक्त तिथि तक कार्य पूर्ण करें।

मेसर्स ब्रिज बानको की चन्दावली ग्राम समूह पेयजल योजना के कुल समस्याग्रस्त 10 ग्रामों में से किसी भी ग्राम का कार्य पूर्ण नहीं किया गया है एवं सभी 10 ग्राम कार्यदायी संस्था द्वारा दिनांक 30.09.2025 तक पूर्ण करना सूचित किया गया है। मेसर्स चन्दावली के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर उपरोक्त तिथि तक कार्य पूर्ण करें।

मेसर्स बानको गंगा की टोरी ग्राम समूह पेयजल योजना के कुल समस्याग्रस्त 5 ग्रामों में से सभी ग्राम का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

वन निगम के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि 1078 पेड़ों के सापेक्ष 1008 पेड़ों की कटाई का कार्य पूर्ण कर लिया गया है शेष 70 पेड़ों की कटाई का कार्य दिनांक 10.09.2025 तक पूर्ण कर दिया जायेगा। वन निगम के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि भुगतान न होने के कारण पेड़ों की कटाई का कार्य बाधित था। भुगतान का निराकरण दिनांक 01.09.2025 को कर दिया जायेगा। अधोहस्ताक्षरी ने वन निगम के प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि भुगतान करने के पश्चात दिनांक 01.09.2025 को दोपहर 02:00 बजे तक सूचित करे।

दिनांक 05.08.2025 की समीक्षा बैठक में अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण द्वारा जिलाधिकारी महोदय को अवगत कराया गया कि मसोरा ग्राम समूह पेयजल योजाना के कुरैरा–CWR एवं बिल्ला मोगान ग्राम समूह पेयजल योजना के भौंरट बांध स्थित इंटेक वेल को दिनांक 15.08.2025 एवं धौर्रा ग्राम समूह योजना के इंटेक एवं WTP को दिनांक 31.08.2025 तक स्वतंत्र ऊर्जाकृत करने का आश्वासन दिया गया था। परन्तु दिनांक 30.08.205 तक उपरोक्त स्थलों को स्वतंत्र ऊर्जाकृत नहीं किया गया है। इस सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियंता विद्युत विभाग से रोष व्यक्त किया गया। अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण द्वारा अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराया गया कि कुरैरा–CWR को दिनांक 02.09.2025 एवं बिल्ला मोगान ग्राम समूह पेयजल योजना के भौंरट बांध स्थित इंटेक वेल को दिनांक 07.09.2025 तक स्वतंत्र ऊर्जाकृत कर दिया जायेगा। मसौरा ग्राम समूह पेयजल योजना के किसरदा–CWR को दिनांक 15.09.2025 तक स्वतंत्र ऊर्जाकृत किया जाना अवगत कराया गया। धौर्रा ग्राम समूह पेयजल योजना के इंटेक एवं WTP को दिनांक 20.09.2025, मुडारी, बालाबेहट, डुंगरिया एवं चन्देरा CWR को दिनांक 30.09.2025 तक स्वतंत्र ऊर्जाकृत कर दिया जायेगा। अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण द्वारा अवगत कराया गया कि धौर्रा ग्राम समूह पेयजल योजना के इंटेक एवं WTP के लिए 280 पोल के सापेक्ष 130 पोल व मुडारी, बालाबेहट, डुंगरिया एवं चन्देरा CWR के लिए 700 पोलों के सापेक्ष 510 पोल एवं बिल्ला मोगान के इंटेक वेल, कुरैरा, किसरदा CWR के लिए 170 पोलों के सापेक्ष 100 पोल अधिष्ठापित कर दिये गये है।

मथुराडांग ग्राम समूह पेयजल योजना में 24 ग्राम सम्मिलित है। जिसमें जल संस्थान द्वारा जलापूर्ति किया जाना है परन्तु वर्तमान में जलापूर्ति नहीं की जा रही है। इस सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा जल संस्थान के अवर अभियंता को निर्देशित किया गया कि अधिशासी अभियंता जल संस्थान को मथुराडांग ग्राम समूह पेयजल योजना का निरीक्षण करने के लिए सूचित करें एवं योजना का संचालन जल संस्थान द्वारा उचित प्रकार से नहीं किया जा रहा है। अतः मथुराडांग ग्राम समूह पेयजल योजना को जल निगम (ग्रामीण) को Hand over करना सुनिश्चित करें।





(राजेश कुमार श्रीवास्तव)
अपर जिलाधिकारी
नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति
ललितपुर

Scanned with OKEN Scanner

# कार्यालय जिलाधिकारी ललितपुर

पत्रांक– 819 /एम०टी०(ग्रा०मि०गं०)/2025-26 दिनांक 06/09/-2025

प्रतिलिपि – निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

1. अधिशासी निदेशक महोदय, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. जिलाधिकारी महोदय ललितपुर।
3. अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण विभाग, ललितपुर।
4. अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), ललितपुर।
5. अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड (प्रथम एवं द्वितीय), ललितपुर।
6. अधिशासी अभियंता खण्ड कार्यालय (वि0/यां0) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झांसी।
7. अधिशासी अभियन्ता जल निगम (नगरीय), झांसी।
8. डी0एल0एम0 वन निगम, झांसी।
9. टीम लीडर, पी0एम0सी0 ललितपुर।
10. डी0पी0एम0, टी0पी0आई0 ललितपुर।
11. समस्त कार्यदायी संस्थाएं जल जीवन मिशन ललितपुर।
12. अधिशासी अभियंता जल संस्थान ललितपुर।

अपर जिलाधिकारी
ललितपुर

Scanned with OKEN Scanner